**Loss of life and property due to National Calamities**

1101. SHRI JANARDHANA POOJARY: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the loss of life and property in the country due to flood, drought and natural calamity like earthquake, during the last three months; and

(b) the total expenditure incurred for providing relief to the affected people?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (DR. S. VENUGOPALACHARI): (a) According to information received from the State Government's heavy rains, floods, land slides, hailstrorms and earthquake have affected 14 States during the last three months claiming 710 human lives, damaging 3.84 lakh houses and crops in an area of 9.90 lakh ha.

(b) Government of India have released Rs. 441.22 crores to the affected State Governments from the State Calamity Relief Fund and the National Fund for Calamity Relief for undertaking relief and rehabilitation measures.

**केन्द्रीय दल का जबलपुर भूकम्पग्रस्त क्षेत्र का दौरा**

1102. **श्री राघवजी** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हाल ही में मध्य प्रदेश के जबलपुर क्षेत्र में आए भूकम्प के कारण हुई क्षति का आंकलन करने के लिए कोई केन्द्रीय दल वहां पर भेजा गया है; यदि हां, तो उस दल द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है; यदि नही, तो उसके क्या कारण है;

(ख) राज्य सरकार द्वारा किए गए आकंलन के अनुसार भूकम्प से कुल कितनी क्षति हुई है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार से कितनी सहायता राशि मांगी है और अब तक केन्द्रीय सरकार ने कितनी धनराशि प्रदान की है या निकट भविष्य में प्रदान करने की संभावना है; और

(घ) इस भूकम्प के क्या कारण थे?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. एस. वेनुगोपालाचारी**: (क) से (ग) राज्य सरकार के मूल्यांकन के अमुसार 22 मई, 1997 को जबलपुर और इसके आसपास के इलाकों में आए भूकम्प से 39 लोगों की जानें गई, 397 ब्यक्ति घायल हुए तथा 1.66 लाख मकानों को नुकसान पहुंचा।

भुकम्प पीडितों को राहत प्रदान करने व उनके पुनर्वास के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से 230.77 करोड़ रू. की सहायता मांगी है। प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने गये केन्द्रीय दल रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात राष्ट्रीय आपदा राहत समिति ने राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से 45.26 करोड रू की सहारता प्रदान करने कि स्वीकृति दी है जिसे 26.6.1997 को जारी कर दिया गया था। यह राशि आपदा राहत कोष के केन्द्रीय हिस्से की अग्रिम रूप से जारी गई तीसरी एवं चौथी तिमाही की किश्त के रूप में दिए गए 20.21 करोड़ रू. के अतिरिक्त है।

(घ) भारतीय मौसम विज्ञान से प्राप्त से सूचना के अनुसार, भू-वैज्ञानिक मूल की गत्यात्मक शाक्तियों द्वारा "फाल्ट्स" कहलाए जाने वाले कमजोर क्षेत्रों के आस-पास चट्टानों के खिसका दिए जाने के कारण भूकम्प आते है। जबलपुर के दक्षिण पूर्व में अवस्थित "सोन-नर्मदा साउथ" इस भूकम्प का एक मुख्य कारण हो सकता है।

कृषि के विकास के लिए केन्द्र द्वारा प्रायोजित परियोजनाएं

1103. **श्री एस.एस.सुरजेवाला**:
**श्री अजीत जोगी**:

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में कृषि के विकास के लिए केन्द्र द्वारा लागू की जा रही प्रायोजित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) किन-किन जिलों को इन परियोजनाओं में शामिल किया गया है; और

(ग) इन परियोजनाओं पर कितनी अनुमानित राशि व्यय की गई और इन परियोजनओं के क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप गत तीन वर्षो के दौरान राज्य-वार-क्या-क्या परिणाम प्राप्त हुए है ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. एस. वेणुगोपालचारी**): (क) और (ख) मध्य प्रदेश में कार्यान्वित की जा रही कृषि विकास की केन्द्रीय / केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं की सूची विवरण-। पर दी गइ